# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार काउपक्रम)
14 – अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ
# U.P. POWER CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)

संख्या : 2107 –गोपन(06)/पाकालि/12–9सा0गो0/11 दिनांक 27 अप्रैल, 12

(1) प्रबन्ध निदेशक,
मध्यांचल/पूर्वांचल/दक्षिणांचल/पश्चिमांचल,
विद्युत वितरण निगम लि0, लखनऊ/वाराणसी/आगरा/मेरठ,
(2) प्रबन्ध निदेशक, कानपुर विद्युत आपूर्ति कम्पनी लि0, कानपुर।

विषय :– वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन प्रपत्र (A.C.R. form) पावर कारपोरेशन के वेबसाइट से डाउनलोड करने सम्बन्धित।

महोदय,

उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 में कार्यरत समस्त अभियन्ता और गैर अभियन्ता अधिकारीगण सम्बन्धित वर्ष हेतु मुद्रित एवं प्रसारित वार्षिक गोपनीय प्रपत्र (A.C.R. form) मुख्यालय से प्राप्त करके उसे भरकर अपने सम्बन्धित प्रविष्टिकर्ता अधिकारियों को वार्षिक मूल्यांकन हेतु प्रस्तुत किया करते हैं। उपर्युक्त व्यवस्था किये जाने के उपरान्त भी प्रायः यह देखा जा रहा है कि कारपोरेशन के अन्तर्गत दूरूह क्षेत्रों में तैनात अधिकारियों को प्रपत्र मिलने में कठिनाई होती है एवं वर्ष में कई प्रतिवेदक अधिकारियों के स्थानान्तरण/सेवानिवृत्ति के फलस्वरूप अधिकारियों को कई प्रपत्र भरनें पड़ते हैं। जिससे पूरे वर्ष गोपनीय प्रपत्रों की मांग की जाती है। वार्षिक गोपनीय प्रपत्रों के ससमय प्राप्ति को सुनिश्चित करनें के उद्देश्य से निर्णय लिया गया है कि प्रपत्र को पावर कारपोरेशन के वेवसाइट पर डाल दिया जाए जिससे अधिकारी अपने तैनाती स्थलों से फॉरमेट डाउनलोड कर सकें। डाउनलोड किये जाने हेतु सर्वप्रथम पावर कारपोरेशन के वेवसाइट www.uppcl.org पर दर्शित A.C.R. form पर क्लिक करना होगा। क्लिक करने के उपरान्त window खुलने पर अधिकारी को अपना नाम, अभिज्ञान संख्या तथा ऑडिट संख्या भरनी होगी। उक्त सूचनाएं भरकर प्रिन्ट A.C.R. form पर क्लिक करना होगा उसके उपरान्त वार्षिक गोपन प्रतिवेदन प्रपत्र (A.C.R. form) आयेगा जिसे डाउन लोड एवं A–4 साइज पेपर पर प्रिन्ट लिया जा सकेगा। A.C.R. form पर लिखी गई टिप्पणी को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए आवश्यकतानुसार प्रत्येक कॉलम भरा जाए जिससे कारपोरेशन मुख्यालय स्तर पर रिपोर्ट पूर्ण करने में दिक्कत न हो और अनावश्यक पत्राचार न करना पड़े। प्रत्येक अधिकारी आदेश सं0–824–का0वि0नी0/राविप–29/96–8का0वि0नी0/93, दिनांक 18.04.96 में निर्दिष्ट समय सारणी के अन्तर्गत अपना स्वांकन प्रस्तुत करे एवं प्रविष्टिकर्ता अधिकारीगण मूल्यांकन करके इसे इस प्रकार प्रेषित करें कि वार्षिक गोपनीय प्रविवेदन मुख्यालय में शीघ्र प्राप्त हो जाए।

भवदीय,

27/4/12

(आलोक कुमार अग्रवाल)
अपर सचिव

सं0– 2907 –गोपन(06)/पाकालि/12, तद्‌दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक के निजी सचिव, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 के निजी सचिव, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0)/निदेशक (वितरण) के निजी सचिव, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
4. निदेशक (तकनीकी)/निदेशक (वित्त), पूर्वान्चल/पश्चिमान्चल/मध्यान्चल/दक्षिणान्चल विद्युत वितरण निगम लि0।
5. समस्त मुख्य अभियन्ता, (स्तर–I एवं II), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0।
6. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0।
7. अधिशासी अभियन्ता (वेब), उ0प्र0 पा0का0लि0, कक्ष सं0–407, शक्ति भवन, लखनऊ।
8. समस्त अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0।
9. समस्त सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0।
10. कारपोरेशन मुख्यालय के समस्त अधिकारीगण/अनुभाग एवं शिविर।

आज्ञा से,

(वी0के0सिंह)
उपसचिव (गोपन)